वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनी रत्न कंपनी



# प्रगति

वेकोलि की त्रैमासिक पत्रिका

# वेकोलि ने किया अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन एवं ओबीआर, डिस्पैच में किया निर्धारित लक्ष्य को पार










वेकोलि ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोयला उत्पादन एवं ओबीआर में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान वेकोलि ने 64.28 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.4% अधिक है।

ओवर बर्डन निष्कासन (OBR) में भी वेकोलि ने गत वर्ष की तुलना में 19.7% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस वित्तीय वर्ष में वेकोलि ने 327.13 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन निष्कासन (OBR) किया। यह वेकोलि की स्थापना से अब तक, किसी भी एक वित्तीय वर्ष में, किया हुआ सर्वाधिक ओवर बर्डन निष्कासन है।

इसी प्रकार वेकोलि ने इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को पार करते हुए, 62.16 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया है।

# सीएमडी श्री मनोज कुमार ने टीम वेकोलि को कार्यक्रम 'रू-ब-रू' के माध्यम से किया संबोधित - उपलब्धियों के लिए दी बधाई, लॉन्च किया WCL Mission 3.0







दिनांक 01.04.23 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कार्यक्रम 'रू-ब-रू' के माध्यम से टीम वेकोलि के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वेकोलि ने, वित्तीय वर्ष 2022-23 में, कम्पनी के स्थापना-काल से अब तक का सर्वाधिक कोयला-उत्पादन एवं ओवर बर्डन निष्कासन किया है। इसी प्रकार वेकोलि ने डिस्पैच में अपने लक्ष्य को पार किया है। उन्होंने इन उपलब्धियों के लिए टीम वेकोलि को बधाई दी।

उन्होंने आगे कहा की वेकोलि में यह ऐतिहासिक वृद्धि अनेक सकारात्मक पहल का प्रतिफल है। उन्होंने भूमिगत खनन को वेकोलि के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कन्हान क्षेत्र की शारदा माइन की प्रारंभिक प्रक्रिया पूर्ण हो गई है तथा यहाँ जल्द ही कोयला उत्पादन शुरू होगा। उन्होंने बल्लारपुर क्षेत्र की धूपतला ओपन कास्ट खदान का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2022-23 में ही इस माइन में कोयला उत्पादन शुरू हुआ।

उन्होंने खनन कार्य में सुरक्षा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि कोयला खनन प्रक्रिया को अधिक कारगर एवं सुरक्षित बनाने हेतु वेकोलि द्वारा कंटीन्यूअस माइनर एवं सरफेस माइनर जैसी नई तकनीक को वृहद् तौर पर अपनाया जा रहा है। वेकोलि में कुल 20 कंटीन्यूअस माइनर लगाने की योजना है। उन्होंने कहा कि वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान में, इस वर्ष 2022-23 में, सरफेस माइनर का प्रयोग शुरू किया गया है। इसी श्रृंखला में अगला सरफेस माइनर पौनी-II खदान में जल्द ही शुरू होगा एवं निकट भविष्य में तीन और परियोजनाओं में सरफेस माइनर लगाए जाएंगे।

'रू-ब-रू' के दौरान उन्होंने वेकोलि के लिए Mission 3.0 लॉन्च किया। इस मिशन का लक्ष्य 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को हासिल करना है।

इस वर्ष कम्पनी के उत्पादन में वणी क्षेत्र का सबसे ज्यादा 16.31 मिलियन टन कोयले का योगदान रहा। इसी प्रकार उमरेड क्षेत्र का 12.91 मिलियन टन और नागपुर क्षेत्र का 8.37 मिलियन टन कोयला-उत्पादन का उल्लेखनीय योगदान रहा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के ऐतिहासिक वृद्धि से उत्साहित टीम वेकोलि ने नए वित्तीय वर्ष का लक्ष्य भी निर्धारित कर लिए है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कोयला उत्पादन का लक्ष्य 67 मिलियन टन तय किया गया है। नए लक्ष्य को हासिल करने का विश्वास टीम वेकोलि में स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

# वेकोलि में सोल्लास मनाया गया गणतंत्र दिवस

## शिक्षा एवं खेल- कूद के क्षेत्र में प्रतिभाओं को विकसित करने हेतु मिशन "तराश" का शुभारंभ









वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कंपनी के इंदोरा परिसर स्थित मैदान में आयोजित समारोह में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया एवं सुरक्षा परेड का निरीक्षण किया। इस के उपरांत उन्होंने टीम वेकोलि को संबोधित किया।

अपने संबोधन में श्री कुमार ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने संबोधन में खनन कार्य में अब तक की प्रगति, नई खनन तकनीक के इस्तेमाल, पर्यावरण संरक्षण, कोयले की गुणवत्ता, कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के अंतर्गत किए गए कार्य, ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, मिशन सेहत की उपलब्धियां आदि के विषय में बात की।

श्री कुमार ने अपने संबोधन के दौरान शिक्षा एवं खेलकूद में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से मिशन - तराश (MISSION - TARASH) (Talent Amplification of Rural Youth Through Aggressive Skill Hunt) के शुभारंभ की घोषणा की।

समारोह में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्षा डॉ. सोनाली म्हेत्रे, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मी गण उपस्थित रहे।

# सीआयएल के निदेशक (तकनीकी) श्री बी. वीरा रेड्डी ने किया वेकोलि का दौरा











कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी), श्री बी. वीरा रेड्डी ने दिनांक 11.03.2023 को अपने डब्लूसीएल दौरे पर मुख्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) फॉर ई-सर्वेलंस का निरीक्षण किया। ICCC की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग में वेकोलि द्वारा की गई इस पहल से खदानों की वर्तमान लाईव जानकारी हासिल होना एक बडी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से, खनन से संबंधित कार्यों में तेजी और पारदर्शिता आएगी। निरीक्षण के पश्चात् उन्होंने WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार से भेंट की।

आगे उन्होंने उमरेड क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ उन्होंने मकरधोकडा-१, मकरधोकडा-२ तथा मकरधोकडा-३ तथा उमरेड ओपन कास्ट खदान का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने मकरधोकडा - ३ पर कर्याधीन फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (FMC) प्रजेक्ट का भी जायज़ा लिया । उन्होंने टीम वेकोलि के सदस्यों को संबोधित करते हुए उमरेड क्षेत्र की कार्य-प्रणाली और उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। वेकोलि कर्मियों की विविध उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उन्होंने उमरेड क्षेत्र को भविष्य में भी बेहतर करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर उनके साथ वेकोलि के निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए के सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री मोहम्मद साबिर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# वेकोलि में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) में दिनांक 09 मार्च 2023 को वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (WIPS) द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री ए के सिंह एवं सी.वी.ओ श्री अजीत मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे।







कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने अपने संबोधन में इस बार की थीम DigitALL - Innovation and Technology for Gender Equality पर अपनी बात रखी। साथ ही, IWD 2023 के #EmbraceEquity अभियान की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए Equality और Equity के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। साथ ही, उन्होंने वेकोलि द्वारा सीएसआर के अंतर्गत महिलाओं के लिए किए गए कई सकारात्मक पहल पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्षा श्रीमती रीना कुमार, श्रीमती इंदु सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान वेकोलि के क्षेत्रों और खदानों में विभिन्न कार्यों में कार्यरत महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन WIPS - Western Zone की अध्यक्षा श्रीमती अनुपमा टेम्भूर्निकर तथा धन्यवाद ज्ञापन वेकोलि की WIPS Co-ordinator डॉ. सुजाता सरमुकद्दम ने किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में श्रीमती वंदना वर्णेकर (Ex. Electric Engg. MSEB) द्वारा "संस्कृती और प्रगती के समन्वय से ही स्त्री की उन्नति" विषय पर संबोधन किया गया। इस अवसर पर WCL विप्स के पदाधिकारी और सदस्याएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी), भारत सरकार के माननीय अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने की समीक्षा



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी), भारत सरकार, नई दिल्ली के माननीय अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने दिनांक 04.03.2023 को कम्पनी की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान सीएमडी श्री मनोज कुमार ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, निदेशक (कार्मिक) डॉ संजय कुमार ने संबंधित विषयों पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर एनसीबीसी के सलाहकार श्री राजेश कुमार, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री श्रीराम वेमुलकोंडा, महाप्रबंधक (प्रशासन/जनसंपर्क) श्री पी. नरेंद्र कुमार, निदेशक (कार्मिक) के तकनीकी सचिव श्री ए. के. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# वेकोलि ने जीता अन्तर कंपनी कोल इंडिया चेस चैंपियनशिप 2022-23 का खिताब।




ईसीएल, संक्टोरिया में आयोजित अन्तर कंपनी कोल इंडिया चेस चैंपियनशिप 2022-23 में वेकोली के खिलाडियों ने 24 साल बाद प्रतियोगिता का विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। टीम के खिलाडियों में बल्लारपुर क्षेत्र के श्री स्वामीनाथन एवं श्री हरीश श्रीतिरुपति, नागपुर क्षेत्र के श्री रज़ा मोहम्मद, पेंच क्षेत्र के श्री संतोष, कन्हान क्षेत्र से श्री अशोक पवार और वेकोली मुख्यालय से टीम मैनेजर श्री शेखर रायपोलू का समावेश है। इन के शानदार प्रदर्शन से कंपनी ने चेस चैंपियनशिप 2022-23 में जीत हासिल की है। वेकोली के सभी खिलाडियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

# इंजीनियरिंग एक्सपो एवं सम्मेलन में स्टॉल प्रदर्शनी के लिए वेकोलि ने जीता प्रथम पुरस्कार



डब्ल्यूसीएल ने सतना में आयोजित इंजीनियरिंग एक्सपो और सम्मेलन के प्रदर्शनी स्टाल प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार जीता। इस सम्मेलन में देश भर से 37 प्रतिभागि थे। सम्मेलन का आयोजन द आईएमई जर्नल, भुवनेश्वर द्वारा माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से एकेएस यूनिवर्सिटी कैंपस में किया गया था।

## प्रबंधन प्रशिक्षु (विधि) श्री रौनक कानूनगो को न्यायधीश सी.के. ठक्कर गोल्ड मेडल



दिनांक 25.03.2023 को गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात में 12 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें वेकोली मुख्यालय, नागपुर के विधि विभाग में हाल ही में प्रबंधन प्रशिक्षु (विधि) के रुप में नवनियुक्त रौनक कानूनगो ने माननीय न्यायधीश सी.के. ठक्कर अवार्ड /सम्मान प्रशासनिक विधि में गोल्ड मेडल हासिल किया। उपरोक्त सम्मान उन्हें समारोह में उपस्थित माननीय न्यायधीश एम.आर. शाह, जज-उच्चतम न्यायालय, माननीय न्यायाधीश बेला त्रिवेदी जज-उच्चतम न्यायालय, माननीय न्यायाधीश ए.जे. देसाई, मुख्य कार्यवाहक न्यायधीश, उच्च न्यायालय, गुजरात एवं प्रो. (डॉ.) एस. शांथाकुमार, निदेशक, गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय गांधीनगर, गुजरात द्वारा प्रदान किया गया

## वेकोलि में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न




वेकोलि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 219 वीं बैठक 30 मार्च, 2023 को श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में पिछले तिमाही में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की स्थिति की समीक्षा की गई।

श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने राजभाषा कार्य की समीक्षा के दौरान हिंदी में पत्राचार बढ़ाने के संबंध में निर्देश देते हुए सभी को अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने का आहवान किया।

समीक्षा बैठक में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु निर्देश दिये।

बैठक में श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन) एवं श्री ए. के. सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री श्रीराम वेमूलकोंडा, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) एवं राजभाषा प्रमुख ने पुस्तक भेंट कर सभी का स्वागत किया।

इस अवसर पर वेकोलि, मुख्यालय के समस्त महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा/जनसम्पर्क) ने किया।

# विप्स की राष्ट्रीय बैठक में वेकोलि को विशेष सम्मान






दिनांक 10 एवं 11 फरवरी, 2023 को वूमन इन पब्लिक सेक्टर की राष्ट्रीय बैठक में वेकोलि को बेस्ट एंटरप्राइज अवार्ड (मिनी रत्न कंपनी) की श्रेणी में सहभाग हेतु विशेष सम्मान से नवाजा गया। कलकत्ता में आयोजित इस बैठक में यह पुरस्कार स्कोप के डायरेक्टर जनरल श्री अतूल सोबती के द्वारा प्रदान किया गया, जिसे विप्स की पदाधिकारियों ने ग्रहण किया। इसी बैठक के दौरान श्रीमती अनुपमा आनंद टेंभूर्निकर, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) को विप्स के पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष के तौर पर चुना गया। राष्ट्रीय बैठक के उपरांत वीप्स की पदाधिकारियों ने निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार से भेंट की एवं इस सम्मान से अवगत कराया। डॉ. कुमार ने सभी को बधाई देते हुए आगे भी बेहतर करने हेतु प्रेरित किया।

# चित्रकारी







श्रुति चावड़ा ने आई.आई.टी धनबाद से एमटेक (पर्यावरण) की पढ़ाई की है। भारतीय लोक कला में गहरी दिलचस्पी होने के कारण स्वयं ही और इन्टरनेट के मध्यम से अलग अलग तरह की लोककला एवं चित्रकला बनाना शुरू


**श्रुति चावड़ा**
सहायक प्रबंधक
पर्यावरण विभाग, वेकोलि मुख्यालय

# ये जीवन है....

यश नौकरी की तलाश करते-करते थक चूका था | तमाम जगह, हर कंपनी में इंटरव्यू दे चूका था, लेकिन कामयाबी कोसो दूर थी | नाम तो यश था, लेकिन उसके जीवन में निराशा ही थी | नौकरी के लिए दर- दर की ठोकरे खाता फिर रहा था | घर में जवान बहन बूढ़े माँ बाप इन सब का भार तो यश के कंधे पर ही था | उसके मन में तरह- तरह के खयाल आने लगते, कभी उसे लगता की कही चोरी करें, डाका डाले, या फिर वह यह सोचता की क्यों न मैं आत्महत्या कर लूँ | इसी उधेड़बुन में उसकी जिंदगी गुजर रही थी, उम्र भी चालीस के आसपास हो चुकी थी | आई. आई एम के एमबीए के छात्र की यह दशा किसी को भी हैरान कर देने वाली  थी |

एक दिन वह इन्टरव्यू देकर जब लौट रहा था, तभी वह एक चाय की दुकान पर बैठकर चाय पीने लगता है, उसकी बढ़ी हुई दाढ़ी, अन्दर की ओर धसी हुई आँखें, चेहरे पर निराशा के भाव, इस बात का सबूत दे रहे थे कि आज फिर उसे इन्टरव्यू में फेल होने का जवाब आयेगा | यश के मस्तिष्क में अनेक विचार गोता लगा रहे थे | माँ -बाप की बीमारी का इलाज करवाना है, बहन की शादी का खर्च उठाना है | इस तरह के विचार उसे विचलित कर रहे थे, तभी चाय की दुकान पर एफ एम पर गीत बजने लगता है, और वह गहराई से उसे सुनने लगता है |

"ये जीवन है
इस जीवन का यही है, यही है, रंगरूप
थोड़े गम है , थोड़ी खुशियां
यही है , यही है , यही है छाव धूप
ये जीवन है ....."

तभी यश को उसी कंपनी से कॉल आता है, जहाँ पर वह इन्टरव्यू देकर आया था, उसे सिलेक्ट होने की सूचना दी जाती है |
यश की ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहता, उसके चेहरे के निराशा के भाव ख़ुशी में बदल जाते है और वह गुनगुनाता हुआ आगे की ओर चल पड़ता है |

"ये जीवन है
इस जीवन का यही है, यही है, रंगरूप
थोड़े गम है, थोड़ी खुशियां
यही है, यही है, यही है छाव धूप
ये जीवन है ....."

**- फिरोज खान**
चंद्रपुर क्षेत्र

# चाहत

तेरे कुछ हंसी लम्हों को , चुराने की चाहत है।
तेरे दिल में कुछ जगह बनाने की चाहत है।।

बचपन को अब, बस पूरा का पूरा भुल जाने की चाहत है।
खुद को अब कुछ संभाल  सकूँ बस इतनी सी ही चाहत है।।

हर रोज़ उनको ख़्वाबों में देखने की चाहत है।
अफसानों को हकीकत बनाने की चाहत है।।

तेरे इश्क में फिरता हूँ, आवारा दर-बदर इस कदर।
तू मुस्कुरा दे इक बार बस इतनी-सी चाहत है।।

खुश रहे हमेशा सारा जहान बस इतनी-सी चाहत है।
जुगनू बनके दिखा सकूँ कोई को रास्ता बस इतनी-सी चाहत है।।

"मन" की तो अब बस इतनी-सी ही तो चाहत है।
बिखरा रहा हूँ ताँ उम्र अब तो बस घोंसले की चाहत है।।

- डॉ. मनोज कुमार "मन"
उपप्रबंधक (राजभाषा),
वेकोलि मुख्यालय

## ज़िंदगी का माप क्या सिर्फ कमाई है?

जिंदगी के सफर में एक अजीब सी तनहाई है,
गम तो सारे अपने हैं, खुशियाँ बस पराई हैं।
सफलता, असफलता तो बस ज़माने का एक नज़रिया है,
लेकिन हमारी ज़िंदगी का माप क्या सिर्फ कमाई है?

माँ के डांटने के डर से कभी छिली हुई कोनी छुपाई है?
पापा के जेब से कभी चवन्नी चुराई है?
हमें तो पहले से ही बड़े होने की जल्दी थी,
बचपन में किसे पता था कि आगे इतनी बड़ी खाई है।

कभी बहन की आधी टॉफी छिनके खाई है?
या फिर दोस्तों से फ़लतू वजह पर की लड़ाई है?
हम तो रंगीन इंसान थे जनाब, आप भी होंगे,
हमने तो बाइक के पीछे वाली सीट पे लड़की भी घुमाई है!

जब इतने सारे यादों से घिरे हो तो कैसी ये तनहाई है?
इंसान दुनिया को एक तरफ़ रख कर ख़ुद के बारे में सोचे, इसमें क्या बुराई है,
शायद हम सफलता का वास्ता रुपयों से करते हैं,
इसीलिए शायद, हमारी औक़ात का माप सिर्फ कमाई है!

**हेमंथ पोदिला**
सहायक प्रबंधक(आई.ई)
वेकोलि मुख्यालय

# स्वरचित पंक्तियाँ

कर्म प्रधान प्रबल हो, वेकोलि तुम अटल हो,
शब्दकोष से बडी विशाल, मॉ वेकोलि समग्र हो,
कर्मवीरों के कष्ट में माता, सदैव तुम संबल हो,
प्यार तेरा निश्छल-निर्मल, तुम संजीवनी कॅवल हो,
दामन हो गरिमामय तुमसे, तुम अतुल्य कुंदन हो,
तेरे नाम से सब जग महके, तुम कस्तूरी चंदन हो,

कर्म प्रधान प्रबल हो, वेकोलि तुम अटल हो ।।

**- प्रकाश चन्द्र आर. भट्ट**
कार्यालय अधीक्षक
औद्योगिक संबंध विभाग

सफलता का परचम फिर हमने लहराया है
कठिनाइयों से लड़ कर ही अपना लक्ष्य पाया है
धरती की छाती चीर काले हीरे से हमने,
दुनिया को चमकाया है।
नये सफर में, नई डगर में
अपना, आगे कदम बढ़ाया है
केवल लक्ष्य प्राप्ति का सपना
अब इन आंखों में समाया है।

**- राजेश चौरागड़े**
लिपिक ग्रेड ॥
सतर्कता विभाग

## ईश्वर के बाद इन्हें ही नमन

मेरे मम्मी पापा मेरा सुन्दर संसार,
उनसे ही महके हमारा घर द्वार।

इनकी छत्र-छाया में हम,
भय-मुक्त बितायें ये जीवन।
रिश्तों की डोर बखूबी निभाते,
सुखमय जीवन हम हैं बिताते।

ये उपवन के सुन्दर माली,
सींचे बगिया की हर डाली।
चाहत करते तो बस इतनी,
खिली रहे फुलवारी इनकी।

बच्चों की हर भूल भुलाते,
बड़प्पन से हैं गले लगाते।
यश-मान इनका हैं हम बच्चे
इनके लिये हम सभी सच्चे।

नन्हे नन्हे बच्चों में,
अटकी होती है इनकी जान।
देख - देखकर कभी न थकते,
ध्यान उनका हरपल रखते।

आशीष इनका रहे सदा,
हम सब मांगें यही दुआ।

पुलकित सदा हो इनका मन,
उज्जवल हो सबका जीवन।
बने रहे हम इनके योग्य,
स्वास्थ्य हो इनका आरोग्य।

महकता रहे इनका चमन,
ईश्वर के बाद इन्हें ही नमन।

**- जगदीश पन्डोले**
वरिष्ठ निजी सहायक,
सुरक्षा और संरक्षण विभाग



# मेहनतकश मजदुर

मैं मेहनतकश मजदूर ,मेहनत कर के अपना परिवार चलाता |
एक रोटी कम खाकर अपने बच्चो को उच्च  शिक्षा दिलाता |
सुरक्षा के नियमो का पालन करके दुर्घटनाओ को दूर भगाता |
मैं मेहनतकश मजदूर ,मेहनत कर के अपना परिवार चलाता

उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिये हमेशा हाथ बढाता |
खदान में हो या घर में हो हमेशा जिम्मेदारी का साथ निभाता |
तपती धूप, बारिश हो या कड़ाके की ठंड सदा इनसे है मेरा नाता |
मैं मेहनतकश मजदूर, मेहनत करके अपना परिवार चलाता

ना जात-पात, ना कोई भेदभाव सदा कर्म को अपना धर्म  बताता |
दुख, तकलीफ, गम, परेशानी में भी हमेशा मुस्कुराता |
रुखी सुखी खाकर परिवार के हर सदस्य का बीड़ा उठाता |
मै मेहनतकश मजदूर, मेहनत करके अपना परिवार चलाता |

सुरक्षा की शपथ लेकर अपने काम को नेक अंजाम दिलाता |
आलस, लालच को छोड़कर ईमानदारी से काम पर लग जाता |
खून पसीने की कमाई से अपने जीवन के ख्वाबो को सजाता |
मै मेहनतकश मजदूर, मेहनत करके अपना परिवार चलाता |

- फिरोज खान
चंद्रपुर क्षेत्र

# काश

काश ज़ख्मों को सिने के लिए कोई दर्जी मील जाता
उधड़े हुए, पुरानें ज़ख्मों को फिर से नया रूप दे जाता
वो यादें, वो किस्से वो ज़ज्बात फिर से याद दिलाता
काश कोई बचपन का पुराना दोस्त फिर से मिल जाता
बारिश का पानी और  कागज़ की कश्ती याद दिलाता
काश ये सब शय ख़ुदा फिर से बंदे को वापस लौटाता
वो पतझड़ वो सावन, वो खिलती हुई धूप और छाँव
कुदरत का  मंज़र देखकर ख़ुशी से साया भी मुस्कुराता
वक़्त की क्या मिसाल दे, रुका हैं न रुकेगा किसी के लिए
काश वो खोया हुआ बचपन ख़ुदा फिर से वापस लौटाता

- फिरोज खान
चंद्रपुर क्षेत्र

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

एक मिनी रत्न कंपनी